पंजाब केसरी 02/01/2025

जी.एम.एन. कॉलेज से अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डा. सीमा कंसल की विदाई

अम्बाला, 1 जनवरी (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज में 38 वर्षों तक शिक्षण सेवा प्रदान करने वाली अर्थशास्त्र की विभागाध्यक्ष डा. सीमा कंसल के सम्मान में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि डा. सीमा कंसल ने अपनी जिम्मेदारियों को अत्यधिक निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ निभाया। वह महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका, एंटी-रैगिंग सैल, आंतरिक शिकायत समिति, अनुशासन समिति और अंडरग्रेजुएट प्रवेश समिति की प्रभारी रहीं। इसके

जी.एम.एन. कॉलेज में अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डा. सीमा कंसल को सम्मानित करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त एवं अन्य स्टाफ। (देवदत्त)

अतिरिक्त वह कॉलेज पत्रिका की मुख्य संपादिका भी रहीं और छात्रों को रचनात्मक लेखन के लिए प्रेरित किया।

प्राचार्य ने कहा कि डा. कंसल ने छात्रों को न केवल विषय संबंधी ज्ञान प्रदान किया, बल्कि उन्हें जीवन के हर पहलू में प्रोत्साहित किया। उनकी विदाई कॉलेज के लिए एक बड़ी क्षति है। इस समारोह में शिक्षकों ने अपने विचारों और भावनाओं को अभिव्यक्त करते हुए उन्हें एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व और कॉलेज के स्तंभ के रूप में याद किया। समारोह के अंत में डा. कंसल को स्मृतिचिन्ह और उपहार प्रदान किए गए।